भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 5340
दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

पेयजल की आपूर्ति

5340. डॉ० टी. सुमथी (ऐ) तामिझाची थंगापंडियनः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवारों को पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो तमिलनाडु सहित तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) जल राज्य का विषय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत, यह मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल के कवरेज को बढ़ाने के लिए राज्यों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है। सुरक्षित पेयजल के कवरेज का रखरखाव पूर्णतया कवर (एफसी) बसावटों (अर्थात् 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) से अधिक पेयजल प्राप्त करने वाली) आंशिक रूप से कवर (पीसी) बसावटों (अर्थात् 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) से कम पेयजल प्राप्त करने वाली) और गुणवत्ता प्रभावित (क्यूए) बसावटों (अर्थात् रासायनिक संदूषण युक्त) के संदर्भ में किया जाता है। राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, पूर्णतया कवर, आंशिक रूप से कवर तथा गुणवत्ता प्रभावित बसावटों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5340 के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक					
दिनांक 22.07.2019 की स्थिति के अनुसार पूर्ण रूप से कवर, आंशिक रूप से कवर और गुणवत्ता प्रभावित बसावटों का ब्यौरा					
क्र.सं.	**राज्य**	**बसावटों की कुल संख्या**	**एफसी बसावटों की संख्या**	**पीसी बसावटों की संख्या**	**क्यूए बसावटों की संख्या**
1	अंडमान और निकोबार	400	324	76	0
2	आंध्र प्रदेश	48,895	34,685	13,738	472
3	अरुणाचल प्रदेश	7,525	3,303	4,195	27
4	असम	88,076	55,171	23,137	9,768
5	बिहार	1,10,218	70,982	35,427	3,809
6	छत्तीसगढ़	74,753	72,775	1,466	512
7	गोवा	347	345	2	0
8	गुजरात	35,996	35,996	0	0
9	हरियाणा	7,655	7,305	263	87
10	हिमाचल प्रदेश	54,469	42,583	11,886	0
11	जम्मू एवं कश्मीर	15,778	9,481	6,286	11
12	झारखंड	1,20,591	1,19,724	334	533
13	कर्नाटक	59,774	34,342	24,980	452
14	केरल	21,520	6,144	15,049	327
15	मध्य प्रदेश	1,28,231	1,28,076	2	153
16	महाराष्ट्र	99,641	84,750	14,716	175
17	मणिपुर	2,976	2,050	926	0
18	मेघालय	10,470	4,124	6,339	7
19	मिजोरम	720	490	230	0
20	नागालैंड	1,450	742	708	0
21	ओडिशा	1,57,013	1,54,461	131	2,421
22	पुडुचेरी	266	153	113	0
23	पंजाब	15,190	10,407	1,516	3,267
24	राजस्थान	1,21,526	61,641	42,539	17,346
25	सिक्किम	2,337	861	1,476	0
26	तमिलनाडु	1,00,014	96,796	3,218	0
27	तेलंगाना	24,597	15,405	8,848	344
28	त्रिपुरा	8,723	4,992	1,332	2,399
29	उत्तर प्रदेश	2,60,018	2,56,865	1,950	1,203
30	उत्तराखंड	39,311	23,156	16,146	9
31	पश्चिमी बंगाल	1,07,328	60,217	32,399	14,712
	कुल	**17,25,808**	**13,98,346**	**2,69,428**	**58,034**
प्रतिशतता			**81.03**	**15.61**	**3.36**
स्रोत: आईएमआईएस, डीडीडब्ल्यूएस					